RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 196 | FRIDAY 24-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## गुस्ताखी माफ



सेशन करवाया गया, कैसे घटे तनाव।
हाज़िर रहना था वहां, डाला गया दबाव।
डाला गया दबाव, वहां हाज़िर है रहना।
अगर सेलरी कटी, नहीं फिर हम से कहना।
कह साहिल कविराय, घटाने का था वादा।
पर घटने की जगह, बढ़ गई टेंशन ज्यादा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# निगम के भ्रष्ट अफसरों के कमीशन खेल का हुआ इंपैक्ट

# 14.38 करोड़ में बने बास्केटबॉल हॉल की छत से टपका पानी, फ्लौर भी उखाड़ा, दो अफसरों ने साढ़े 13% कमीशन ले अलॉट कराया था टेंडर

लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना नगर निगम में कमीशन का बोलबाला दबाकर हो रहा है। कुछ भ्रष्ट अफसरों के हालात यह है कि उनकी ओर से छोटी से छोटी चीज में भी कमीशन लेने का ट्रेंड बना दिया गया है। जिसके चलते अब यह दीमक बाकियों को भी लगती जा रही है। आज इस कमीशन के खेल का इंपैक्ट भी देखने को मिला है। जिसकी भेंट गुरु नानक स्टेडियम में बनाया इंडोर बास्केटबॉल हॉल चढ़ा है। 14.38 करोड़ की लागत से बने इस हॉल को एक साल पूरा होने से पहले ही दूसरी बार छत से पानी टपकने लगा। वहीं फ्लोर खराब होने के चलते उसकी लकड़ी भी उखाड़ दी गई है। चर्चा है कि इस टेंडर में बड़े लेवल पर कमीशन का खेल हुआ था। जिसके चलते ठेकेदार ने भी हलका मटीरियल लगा खानापूर्ति कर दी और आज इसके नतीजे सामने आ रहे हैं। चर्चा है कि इस टेंडर में पूर्व एसई संजय कंवर को साढ़े आठ प्रतिशत और एक अफसर कम नेता को पांच प्रतिशत कमीशन मिली थी। सेटिंग के बाद टेंडर भी अफसरों की चहेती कंपनी को दिया गया था। हैरानी की बात तो यह है कि 14.38 करोड़ रुपए पानी में डूबा दिया गया और जिम्मेदार अफसरों और कंपनी पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। लोगों का कहना है कि लोकल बॉडी विभाग चंडीगढ़ को जिम्मेदार अफसरों पर जुर्माना लगाकर इस नुकसान को पूरा करना चाहिए।



## बिना जांच के बना डाला फ्लोर, अब उखाड़ा

*बता दें कि हॉल निर्माण पूरा होने के कुछ महीने बाद ही बारिश के बाद छत से पानी गिरने लगा था। जिसके बाद इसे दरुस्त किया गया। फिर प्लेयर्स द्वारा गेम खेलने के दौरान फ्लोर में बिछाई लकड़ी सही से न लगी होने की शिकायत की गई। बास्केटबॉल एसोसिएशन ने इसकी शिकायत पूर्व निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल को की। जिसके बाद निगम अफसर हरकत में आए। फिर जांच हुई तो पता चला कि फ्लोर के नीचे जमीन को एक बराबर ही नहीं किया था। जिसके चलते फ्लोर की लकड़ी ऊपर नीचे थी। इसी कारण अब पूरे फ्लोर को उखाड़कर दोबारा लगाया जाएगा।*

## टेंडर दिलाने पर अफसर को मिला 5 प्रतिशत कमीशन का इनाम

चर्चा है कि जिस कंपनी को यह टेंडर दिया गया था, उसे एक अफसर कम नेता द्वारा लाया गया था। अफसर ने कंपनी को पहले ही कह दिया था कि उसे टेंडर दिलाया जाएगा, लेकिन उसकी कमीशन होनी चाहिए। जिसके चलते उक्त अफसर ने चुपके से पांच प्रतिशत कमीशन लेकर जेब में डाल ली। वहीं फिर एसई संजय कंवर द्वारा साढ़े आठ प्रतिशत कमीशन लेने की चचाएं हैं। चर्चा है कि अफसर कम नेता द्वारा खुद को एक विधायक का करीबी भी बताया गया था।

## कमीशन ज्यादा लेने पर हुआ नुकसान, भरपाई को बढ़ाई लागत

बता दें कि यह टेंडर जनवरी 2023 में अलॉट हुआ था। पहले यह टेंडर 11.26 करोड़ का था। जिसे जुलाई 2023 तक पूरा किया जाना था। इस बीच ज्यादा कमीशन बांटने के कारण ठेकेदार को मुनाफा नहीं हो रहा था। जिसके चलते अफसरों द्वारा ठेकेदार की भरपाई कराने को टेंडर की लागत बढ़ाकर 14.38 करोड़ कर दी। हालांकि उसमें कारण डिजाइन में बदलाव, अमेरिकन मैपल वुड लगाना और अतिरिक्त कार्यों को बताया गया। बार-बार हुई देरी के कारण यह परियोजना आखिरकार साल 2025 में पूरी हुई। हालांकि समय पर काम पूरा न करने के चलते ठेकेदार को 10 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगा था।


## सरकारी खजाने से भरपाई का हो सकता प्रयास

वहीं चर्चा है कि इस पूरे खेल में पहले ही 11.26 करोड़ की जगह 14.38 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए हैं। लेकिन अब दोबारा से फ्लोर तैयार करने के लिए सारा बोझ सरकारी खजाने पर डालने का प्रयास किया जा रहा है। चर्चा है कि ठेकेदार को ज्यादा नुकसान न हो, इस लिए अंदरखाते सरकारी खजाने से पैसा लेने का प्रयास किया जा सकता है।

## प्लेयर्स के भविष्य के साथ खिलवाड़

- निगम अफसरों द्वारा अपनी कमीशन के चक्कर में हलका सामान लगवाकर और ठेकेदार के साथ मिलीभगत करके हॉल को खराब कर दिया। लेकिन इसका सीधा असर वहां खेलने के लिए आने वाले प्लेयर्स पर पड़ रहा है। शहर के 70 प्रतिशत बास्केटबॉल प्लेयर यहीं आकर प्रैक्टिस करते हैं। लेकिन अब फ्लोर बदलने को 10 दिन का समय दिया गया है। इस बीच उनकी प्रैक्टिस प्रभावित हो रही है। हालांकि पहले भी छह महीने का काम दो साल में किया गया था। अब देखना होगा कि लापरवाही करने वाले अफसरों पर निगम कमिश्नर ओजस्वी क्या एक्शन लेते हैं।

## रेहड़ी-फड़ी से वसूली और अवैध इमारतें बनवाने में शुमर अफसर



चर्चा है कि पांच प्रतिशत कमीशन लेने वाले अफसर का नाम कई प्रमुख कार्यों में चर्चा का विषय बना रहता है। आए दिन उन पर शहर की रेहड़ी-फड़ी वालों से अवैध वसूली करने तो कभी अवैध इमारतें बनवाने के आरोप लगते रहते हैं। लेकिन फिर भी निगम और लोकल बॉडी विभाग के उच्च अफसरों द्वारा उस पर एक्शन नहीं लिया जाता। चर्चा है कि जब भी कार्रवाई की बात आती है तो उक्त अफसर द्वारा निगम मुलाजिमों को अपनी ढाल बना लिया जाता है।

# अब दुनिया देखेंगे हरियाणा के टॉपर, CM सैनी का बड़ा ऐलान

रोहतक/यूटर्न/23 जुलाई। हरियाणा सरकार प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि सरकार जल्द ही ऐसी योजना शुरू करेगी, जिसके तहत प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण पर भेजा जाएगा। इसका उद्देश्य छात्रों के ज्ञान, सोच और वैश्विक दृष्टिकोण का विस्तार करना है। मुख्यमंत्री वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं, 12वीं और ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री



प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार सृजक बनाने का साधन होनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उनकी सफलता मंजिल नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है और उन्हें भविष्य में और ऊंचाइयों तक पहुंचना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अब तक 391 एसटीईएम (STEM) लैब स्थापित की जा चुकी हैं। इसके अलावा 250 स्कूलों में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से अटल टिंकरिंग लैब विकसित की जा रही हैं, जहां विद्यार्थी विज्ञान, रोबोटिक्स और नई तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर 10 किलोमीटर के दायरे में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय स्थापित किए गए हैं।

# मेकअप में करियर, ट्रेंड और जेंडर स्टीरियोटाइप पर मेकअप आर्टिस्ट्स कृति' ने तोड़ी पुराने सोच की दीवार



फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री तेजी से बदल रही है। कभी मेकअप को केवल महिलाओं से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन आज पुरुष भी इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। सोशल मीडिया ने इस बदलाव को नई रफ्तार दी है। पंजाब की जानी-मानी मेकअप आर्टिस्ट 'ग्लैम बाय कृति' पिछले नौ वर्षों से इस इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने ब्राइडल मेकअप से लेकर ग्लैम लुक तक हजारों क्लाइंट्स के साथ काम किया है। उन्होंने बदलते ट्रेंड, सोशल मीडिया, स्किनकेयर, प्रोफेशन की चुनौतियों और अपने सफर पर खुलकर बातचीत की।

## प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश-

**पहले मेकअप को महिलाओं तक सीमित माना जाता था। अब पुरुष भी इस क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। आप इस बदलाव को कैसे देखती हैं?**
यह बदलाव बेहद सकारात्मक है। आज दूल्हे भी अपने लुक को लेकर उतने ही उत्साहित होते हैं जितनी दुल्हन। वे भी अच्छा दिखना चाहते हैं और मेकअप को लेकर खुलकर बात करते हैं। पंजाब के कई पुरुष मेकअप आर्टिस्ट बेहतरीन काम कर रहे हैं। अब मेकअप किसी एक जेंडर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम बन चुका है।

**वर्ष 2026 का सबसे बड़ा मेकअप ट्रेंड क्या है?**
अब हैवी मेकअप का दौर खत्म हो रहा है। लोग नैचुरल और 'नो मेकअप लुक' पसंद कर रहे हैं। चेहरा ऐसा दिखे कि लगे ही नहीं मेकअप किया गया है। ग्लिटर, हैवी हाईलाइटर और बोल्ड लुक की जगह अब सॉफ्ट, क्लीन और एलिगेंट मेकअप ट्रेंड में है।



**मेकअप आर्टिस्ट बनने की शुरूआत कैसे हुई?**
यह कोई प्लान नहीं था। मैंने सिर्फ अपनी रुचि के लिए मेकअप सीखना शुरू किया था। जब मैंने लोगों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास देखा तो महसूस हुआ कि यही मेरा करियर है। धीरे-धीरे यह मेरा जुनून बन गया।

**इस इंडस्ट्री में आपको कितना समय हो गया?**
मुझे इस क्षेत्र में करीब नौ साल हो चुके हैं। मैंने स्कूल के बाद ही इस प्रोफेशन की शुरूआत कर दी थी।

**क्या आज भी नए क्लाइंट को लेकर घबराहट होती है?**
बिल्कुल। हर क्लाइंट अलग होता है, उसकी स्किन अलग होती है और उसकी पसंद भी अलग होती है। यही घबराहट मुझे हर दिन कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करती है। अगर कोई यह सोच ले कि उसे सब कुछ आ गया है, तो उसकी सीखने की प्रक्रिया वहीं रुक जाती है।

**सोशल मीडिया पर अक्सर मेकअप आर्टिस्ट्स को लेकर विवाद भी सामने आते हैं। आप इसे कैसे देखती हैं?**
हर कलाकार अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है, लेकिन हर क्लाइंट के अनुसार काम करना जरूरी है। किसी एक स्टाइल को सभी पर लागू नहीं किया जा सकता। हर चेहरे, हर स्किन टोन और हर व्यक्तित्व के अनुसार मेकअप होना चाहिए। कॉपी-पेस्ट मेकअप कभी सही नहीं होता।

**क्या आपके साथ भी कभी कोई अप्रिय अनुभव हुआ?**
हां, एक डेस्टिनेशन वेडिंग के दौरान हमारा करीब दो लाख रुपये का भुगतान रोक लिया गया। कई बार याद दिलाने के बावजूद पैसे नहीं मिले। उस घटना के बाद हमने नियम बनाया कि 50 प्रतिशत एडवांस बुकिंग के समय और बाकी भुगतान मेकअप शुरू होने से पहले ही लिया जाएगा।

**क्या महंगे ब्रांड ही बेहतर होते हैं या कम कीमत वाले उत्पाद भी अच्छे हो सकते हैं?**
महंगे प्रोडक्ट्स की क्वालिटी और फॉर्मूलेशन निश्चित रूप से बेहतर होती है, लेकिन आज कई ड्रग स्टोर ब्रांड भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जरूरी यह नहीं कि प्रोडक्ट कितना महंगा है, बल्कि यह कि वह आपकी स्किन पर कितना अच्छा काम करता है।

**आजकल स्किनकेयर को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। आप इसे कैसे देखती हैं?**
यह बहुत अच्छा बदलाव है। पहले लोग सिर्फ शादी से पहले फेशियल करवाते थे, लेकिन अब महीनों पहले से स्किन की तैयारी शुरू कर देते हैं। लोग रेटिनॉल, कोलेजन, सनस्क्रीन और सही स्किनकेयर रूटीन को समझने लगे हैं। अच्छी स्किन ही अच्छे मेकअप की सबसे मजबूत नींव होती है।

**जो युवा इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उन्हें क्या सलाह देंगी?**
मेरा सिर्फ एक ही संदेश है—फेम के पीछे मत भागिए, अपने काम को इतना बेहतर बनाइए कि लोग खुद आपकी सिफारिश करें। सोशल मीडिया आपको एक बार क्लाइंट दिला सकता है, लेकिन दोबारा वही क्लाइंट तभी आएगा जब आपका काम बेहतरीन होगा। आपकी पहचान आपके हुनर से बननी चाहिए, लोकप्रियता अपने आप मिल जाएगी।

# पंजाबी अभिनेता रैबी कंडोला अकाली दल वारिस पंजाब दे में शामिल, पार्टी को मिला बड़ा सामाजिक चेहरा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। किसानों पर आधारित पंजाबी फिल्म 'मिट्टी पंजाब दी' से पहचान बनाने वाले अभिनेता रैबी कंडोला गुरुवार को अपने समर्थकों सहित अकाली दल वारिस पंजाब दे में शामिल हो गए। सेक्टर-27 स्थित चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर रैबी कंडोला ने कहा कि



वह पार्टी की उस विचारधारा से प्रभावित होकर जुड़े हैं, जो पंजाबी मातृभाषा के संरक्षण, पंजाबियों के अधिकारों की रक्षा, युवाओं की शिक्षा, पेपर लीक जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई तथा रोजगार के लिए पारदर्शी और मजबूत कानून बनाने की बात करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से आवाज उठाना समय की जरूरत है।

कार्यक्रम में सांसद सरबजीत सिंह खालसा, सांसद अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह, विधायक मनप्रीत सिंह अयाली समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने रैबी कंडोला और उनके समर्थकों को सिरोपा भेंट कर पार्टी में शामिल होने पर शुभकामनाएं दीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि रैबी कंडोला के पार्टी में शामिल होने से संगठन को सामाजिक और जनाधार के स्तर पर मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी सक्रिय भूमिका से पंजाब और युवाओं से जुड़े मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। रैबी कंडोला ने कहा कि उन्होंने पंजाब, पंजाबी और पंथक विचारधारा की सेवा के उद्देश्य से अकाली दल वारिस पंजाब दे का दामन थामा है।



पेज 06 नीट पेपर लीक और विद्यार्थियों पर हुए...

# ‘रसोई से शुरू हुआ सफर, आज 80 देशों तक पहचान...अब हेल्थ-फोकस्ड फूड पर होगा Cremica का बड़ा दांव’





लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना मैनेजमेंट एसोसिएशन (छटअ) द्वारा आयोजित कार्यक्रम ‘द ग्रोथ जर्नी ऑफ क्रेमिका’ में एमआरएस बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज के मैनेजिंग डायरेक्टर अनूप बेक्टर ने अपनी उद्यमिता यात्रा, भविष्य की योजनाओं और युवाओं के लिए अवसरों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि क्रेमिका की शुरूआत वर्ष 1978 में घर से हुई थी और आज यह सफर लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन चुका है, विशेषकर उन महिलाओं के लिए जो घर से अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सफल कारोबार की असली कहानी संघर्षों से होकर गुजरती है। रास्ते में कठिनाइयां आती हैं, लेकिन जो उन्हें पार कर आगे बढ़ता है, वही सफलता हासिल करता है।

अनूप बेक्टर ने बताया कि आने वाले समय में कंपनी का सबसे बड़ा फोकस हेल्थ-आधारित उत्पादों पर रहेगा। उन्होंने कहा कि आज उपभोक्ता पहले से अधिक स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक हो चुके हैं। इसी को देखते हुए कंपनी मैदा और पाम ऑयल के विकल्पों पर काम कर रही है तथा प्रोटीन आधारित कई नए उत्पाद बाजार में लाने की तैयारी कर रही है।

उन्होंने बताया कि कंपनी ने पहले ही हाई-प्रोटीन ब्रेड लॉन्च की है, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला और आसानी से पचने वाला प्रोटीन उपलब्ध है। अब कंपनी प्रोटीन आधारित बिस्किट सेगमेंट में भी कदम बढ़ा रही है। क्रेमिका पर लोगों के भरोसे को लेकर उन्होंने कहा कि कंपनी की सबसे बड़ी ताकत उसकी गुणवत्ता है। शुरूआत से जिस गुणवत्ता के साथ काम किया गया, आज भी उसी स्तर को बनाए रखा गया है। यही कारण है कि कंपनी के बिस्कुट आज अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड समेत 80 देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत से बिस्कुट निर्यात करने वाली कंपनियों में उनकी कंपनी अग्रणी है।

विदेश जाने की सोच रखने वाले युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भारत अवसरों की धरती है। दुनिया की सबसे युवा आबादी भारत के पास है और फूड एंड बेवरेज सेक्टर में अभी अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ऐसे उत्पाद विकसित करने होंगे जो जेनरेशन-जेड की पसंद और जरूरतों के अनुरूप हों। ग्लूटेन-फ्री उत्पादों को लेकर पूछे गए सवाल पर अनूप बेक्टर ने कहा कि फिलहाल कंपनी की सभी निर्माण इकाइयां ग्लूटेन युक्त उत्पाद बनाती हैं। ग्लूटेन-फ्री उत्पादों के लिए पूरी तरह अलग फैक्टरी की आवश्यकता होती है क्योंकि थोड़ी-सी भी मिलावट स्वास्थ्य के लिहाज से जोखिम पैदा कर सकती है। हालांकि उन्होंने माना कि भारत में भी भविष्य में ग्लूटेन-फ्री उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ेगी और समय आने पर कंपनी इस दिशा में भी कदम बढ़ाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल हेल्थ प्रोडक्ट्स के सहारे कारोबार नहीं चल सकता। उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए कंपनी हेल्थ और टेस्ट—दोनों पर समान रूप से काम कर रही है। इसी रणनीति के तहत कंपनी फ्रोजन फूड, स्नैक्स, केक और अन्य नए उत्पादों के पोर्टफोलियो का भी लगातार विस्तार कर रही है।

## सफाईकर्मियों पर लाठीचार्ज निंदनीय, दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज हो : गुरदेव शर्मा देबी



लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। पंजाब भाजपा के कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने बरनाला मे सफाईकर्मियों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि झाड़ू वाली पार्टी के राज में झाड़ू लगाने वालों पर ही लाठियां बरसना बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि सफाईकर्मी हमारे शहरों और गांवों को साफ रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। यदि ये अपने जायज अधिकारों और मांगों के लिए आवाज उठाते हैं तो सरकार को उनसे संवाद करना चाहिए, न कि पुलिस से लाठीचार्ज करवाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि सफाईकर्मियों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही लाठीचार्ज में घायल हुए सभी सफाईकर्मियों का मुफ्त इलाज सरकारी खर्च पर करवाया जाए। देबी ने कहा, जिन हाथों से पूरा समाज साफ रहता है, उन हाथों पर लाठियां नहीं, सम्मान होना चाहिए। इस अवसर पर अजय पाल दिसावर, अनिल खटवाल, बबली, काती, रानी, प्रीती, मीरा, सुकंतला, ज्योति, माया, सुलक्खी, मीरा सहित सफाई कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## पंजाब में राशन कार्ड प्रक्रिया शुरू, टेक्निकल इश्यू के कारण साइट की रफ्तार धीमी, 11 अगस्त तक जमा होंगे फॉर्म, खुद फॉर्म भी करवा सकते हैं जमा

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। पंजाब सरकार की और से पंजाब में नए राशन कार्ड बनाने, पुरानों में नाम जुड़वाने और कटवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसके चलते खुराक सप्लाई विभाग की और से सभी जिलों के डीसी और जिला कंट्रोलर्स को आदेश जारी किए गए हैं। यह प्रक्रिया 22 जुलाई से शुरू की गई है, जो कि 11 अगस्त तक जारी रहेगी। यह प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से हो सकती है। वहीं माहिरों का कहना है कि अभी ऑनलाइन साइट टेक्निकल तौर पर धीरे चल रही है। जिसके चलते लोग घबराए नहीं, अगले दो दिन तक इस इश्यू को सही कर दिया जाएगा। इस संबंधी जानकारी देते हुए पंजाब सरकार की खुराक एंड सिविल सप्लाई विभाग की एडवाइजरी कमेटी मेंबर जगदीश गोल्डी सभरवाल ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा 10 लाख नए राशन कार्ड बनाए जाने हैं। इसके लिए हर परिवार के मेंबर का आधार कार्ड, बिजली बिल, पारिवारिक मेंबरों में सभी की पासपोर्ट साइज फोटोज, अगर घर में एलपीजी कनेक्शन है, तो उसकी कॉपी, पूरे परिवार की सामूहिक फोटो, अगर खेतीबाड़ी की जमीन है तो फर्द और अगर व्यक्ति विकलांग है तो विकलांगता का सर्टीफिकेट लाना जरुरी है। इन सभी दस्तावेजों के बाद राशन कार्ड बनेगा।






खुराक एंड सिविल सप्लाई विभाग मेंबर गोल्डी सभरवाल

### नोडल अफसर किए जाएंगे नियुक्त

वहीं एडवाइजरी कमेटी मेंबर और आप नेता गोल्डी सभरवाल ने बताया कि खुराक सिविल सप्लाई विभाग पंजाब सरकार द्वारा एक पत्र जारी किया गया है। जिसमें सभी जिलों के डीसी को आदेश दिए हैं कि इस पूरी प्रक्रिया के लिए नोडल अफसर नियुक्त किए जाए। जिनकी निगरानी में कार्यप्रणाली को सही ढंग से पूरा किया जा सके। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों की जांच और सत्यापन के लिए अलग-अलग वेरिफिकेशन अधिकारी तैनात किए जाएंगे। गोल्डी सभरवाल ने बताया कि अगर किसी ने अपना नाम एक जगह से कटवाकर दूसरी जगह शामिल कराना है तो वे तुरंत उसी समय हो जाएगा।


### इस तरीके से कर सकते हैं अप्लाई

गोल्डी सभरवाल ने बताया कि राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों तरीके की प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर कोई व्यक्ति खुद फॉर्म भरना चाहता है तो वे सीधे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के पोर्टल https://ercms.punjab.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके लिए कोई आवेदन शुल्क/प्रोसेसिंग फीस नहीं देनी होगी। वहीं आवेदक विभागीय वेबसाइट http://foodsuppb.gov.in से अंग्रेजी या पंजाबी में फॉर्म डाउनलोड करके नजदीकी सेवा केंद्र या कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर फॉर्म जमा करवा सकते हैं, जिस पर 100 रुपए प्रति फॉर्म प्रोसेसिंग फीस लगेगी। इसके अलावा लोग आवश्यक दस्तावेजों और 100 रुपए प्रति फॉर्म फीस के साथ संबंधित जिला खुराक सप्लाई विभाग ऑफिस में भी फॉर्म जमा कर सकते हैं।

# पंचकूला में स्पा सेंटरों की आड़ में अवैध गतिविधियों का आरोप, एक महीने में खुले दो दर्जन से ज्यादा सेंटर

पंचकूला/यूटर्न/23 जुलाई। चल रहे स्पा सेंटरों की आड़ में गलत गतिविधियां एक महीने में पंचकूला में खुल गए करीब दो दर्जनों से जायदा स्पा सेंटर। जीरकपुर में एएसपी गजलप्रीत कौर ने बंद करवाए जीरकपुर में कई स्पा सेंटर, स्पा सेंटरो वालो के लिए सेफ शहर बन रहा पंचकूला शहर।

कुछ दिन पहले चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम में गवर्नर साब ने कहा था। की पुलिस चाहे शहर में पता गलत तरीके का नहीं उड़ सकता। न ही कोई गलत काम चल सकता है। पर आज कल पंचकूला शहर स्पा सेंटरो वालो के लिए एक सेफ शहर बनता जा रहा है। क्योंकि जीरकपुर शहर में जैसे ही एएसपी गजलप्रीत कौर की बदली हुई तभी से जीरकपुर पुलिस ने स्पा सेंटरो पर रेड की करवाई जारी रखी। आंकड़े देखते जाए तो करीब 3 महीनों में करीब 30 से 40 स्पा




सेंटरो पर पुलिस ने रेड करके सभी स्पा सेंटरो को बंद करवाया और उसमें से लड़कियों को छुड़वाया। और कई स्पा सेंटरो को सील भी किया। पर हैरत की बात ये है। की उन स्पा सेंटरो के लिए पंचकूला शहर सेफ शहर बनता जा रहा है।

आप देखे कि करीब हर सेक्टर की मार्केट करीब 3 से 4 स्पा सेंटर खुलते जा रहे है। और पुलिस का ध्यान इस कदर है। की लोगो ने पुलिस को बताने की वजह मीडिया को बताना जरूरी समझा। पंचकूला के सेक्टर 6 सेक्टर 20 में अधिकतर स्पा सेंटर बने हुए है। जहां पुलिस का ध्यान नहीं जा रहा। एमडीसी और सेक्टर 14 सेक्टर 8 और सेक्टर 11 और सेक्टर 5 की मार्केट में स्पा सेंटर खोले गए है।

इनमें से अधिकतर स्पा सेंटरो में स्पा सेंटरो में सेक्स रैकेट का धंधा चल रहा है। अब देखना ये होगा कि खबर लगने के बाद पुलिस कितना हरकत में आती है। और इन स्पा सेंटरो पर क्या करवाई की जाती है।

# नीट पेपर घोटाले के विरोध में चंडीगढ़ में आप का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। नीट पेपर घोटाले को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन लगातार जारी हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र पिछले 26 दिनों से 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में प्रदर्शनकारी छात्रों पर दिल्ली पुलिस के लाठीचार्ज की तस्वीरें सामने आने के बाद देशभर के छात्रों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। वहीं, विभिन्न राजनीतिक दल भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार विरोध जता रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) चंडीगढ़ ने प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल के नेतृत्व में सेक्टर-25 में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व आप नेता संदीप कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए आप नेताओं ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में सामने आई कथित अनियमितताओं ने लाखों छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले में जवाबदेही तय करने में विफल रही है और दोषियों के खिलाफ अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। इस अवसर पर आप नेता सन्नी आउलख, पूर्व मेयर कुलदीप कुमार, ललित कुमार सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया और नीट पेपर घोटाले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की। आप नेता संदीप कुमार ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि नीट पेपर घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दें।

# मोहाली में 6.35 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार, एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया

मोहाली/यूटर्न/23 जुलाई। पंजाब सरकार की ?युद्ध नशों के विरुद्ध? मुहिम के तहत मोहाली पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6.35 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस को पूछताछ के दौरान मामले में और बरामदगी और अन्य खुलासों की उम्मीद है।

एसएसपी मोहाली हरमनदीप सिंह हंस के निर्देशों, एसपी (देहात) मनप्रीत सिंह के मार्गदर्शन और डीएसपी खड़ड़-1 इंसान सिंगला की निगरानी में थाना बलौंगी पुलिस लगातार नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत थाना बलौंगी के प्रभारी इंस्पेक्टर पेरीविंकल ग्रेवाल की देखरेख में हेड कांस्टेबल कुलविंदर सिंह



अपनी पुलिस टीम के साथ 22 जुलाई को गांव झामपुर नदी पुल के पास गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी जगदीश उर्फ जग्गी निवासी गांव मुगान जिला रोहतक (हरियाणा), वर्तमान निवासी वसीम राणा के मकान गली नंबर-2, मस्जिद के नजदीक गांव झामपुर थाना बलौंगी जिला मोहाली को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.35 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क, सप्लायर और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाई जाएगी।

# गैस सिलेंडर चोरी गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार; चार सिलेंडर और चोरी की बाइक बरामद

चंडीगढ़ /यूटर्न/23 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने मनीमाजरा क्षेत्र में गैस सिलेंडर चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार इंडेन गैस सिलेंडर और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल (PB72A1674) बरामद की है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मनीमाजरा थाना में 22 जुलाई 2026 को बीएनएस की धाराओं 303(2), 317(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता मलोया निवासी मोहित ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-7 स्थित बिंदिश गैस एजेंसी में ड्राइवर है। वह अपने हेल्पर अंकित के साथ मनीमाजरा स्थित एमडब्ल्यूटी क्षेत्र में इंडेन गैस सिलेंडर की डिलीवरी कर रहा था। दोपहर करीब 1:50 बजे दोनों विनोद ढाबा पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान दो युवक उनके टेंपो (CH01TA4464) से दो गैस सिलेंडर उठाकर मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। पीछा करने के बावजूद दोनों आरोपी हाथ नहीं आए। पुलिस के अनुसार पिछले कुछ समय से मनीमाजरा क्षेत्र में गैस एजेंसी के डिलीवरी वाहनों से सिलेंडर चोरी होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसएचओ मनीमाजरा की निगरानी में विशेष टीम गठित की गई।



# एसएफजे फंडिंग मामले में नामजद रिंकू की जमानत खारिज, अदालत ने आरोपों को बताया गंभीर

रेफरेंडम-2020 के प्रचार, विदेश से फंडिंग और आपत्तिजनक प्रचार सामग्री से जुड़े मामले में राहत नहीं; गवाहों व सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई

मोहाली/यूटर्न/23 जुलाई। विदेश में बैठे प्रतिबंधित संगठन 'सिक्ख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) और रेफरेंडम-2020 से जुड़े कथित फंडिंग मामले में नामजद आरोपी सुखदेव सिंह उर्फ रिंकू निवासी मोरिंडा की नियमित जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी है। अदालत ने माना कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हैं और उसे जमानत देने से मामले की जांच और साक्ष्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

अदालत ने सरकारी पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मामले में दर्ज एफआईआर गुप्त सूचना के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें सुखदेव सिंह उर्फ रिंकू को विशेष रूप से नामजद किया गया है। जांच के दौरान सह-आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में रेफरेंडम-2020 से संबंधित पोस्टर, छपाई सामग्री और अन्य आपत्तिजनक प्रचार सामग्री बरामद की गई थी। अभियोजन के अनुसार यह सामग्री राज्य में शांति भंग करने और अलगाववादी प्रचार के उद्देश्य से इस्तेमाल की जानी थी।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सह-आरोपी गुरविंदर सिंह को विदेश में बैठे राष्ट्रविरोधी तत्वों से कथित रूप से फंडिंग मिल रही थी। आरोप है कि आरोपी रेफरेंडम-2020 के प्रचार अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे और प्रतिबंधित संगठन 'सिक्ख फॉर जस्टिस' से जुड़े हुए थे। ऐसे में आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जमानत देना उचित नहीं होगा।

अदालत ने यह भी कहा कि मामले में अभी गवाहों के बयान होने बाकी हैं। यदि आरोपी को इस चरण पर रिहा किया जाता है तो उसके द्वारा साक्ष्यों से छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी की पूर्व में दायर जमानत याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 मेदांता में वांगचुक से सहानुभूति में मिलने...

# जीरकपुर में सुषमा ग्रुप के कई प्रोजेक्ट अधर में, खरीदारों का फूटा गुस्सा

## कब्जा और रिफंड नहीं मिलने के आरोपों पर प्रमोटरों के खिलाफ एफआईआर, उपभोक्ता आयोग ने भी सुनाया राहत का आदेश, सैकड़ों निवेशक प्रभावित होने का दावा

जीरकपुर/यूटर्न/23 जुलाई। ट्राइसिटी के रियल एस्टेट बाजार में एक समय भरोसे का नाम रहे सुषमा ग्रुप के कई आवासीय और व्यावसायिक प्रोजेक्ट अब विवादों के केंद्र में हैं। फ्लैट और कमर्शियल यूनिट बुक कराने वाले खरीदार लंबे समय से कब्जा मिलने का इंतजार कर रहे हैं। कई निवेशकों का आरोप है कि तय समय पर न तो प्रोजेक्ट पूरे हुए और न ही जमा धनराशि वापस की गई। इसके चलते खरीदार लगातार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं और कई मामलों में पुलिस और उपभोक्ता आयोग का दरवाजा भी खटखटा चुके हैं।

विवादों में जिन प्रमुख परियोजनाओं के नाम सामने आए हैं, उनमें सुषमा बेलेजा, सुषमा एम्पीरिया, सुषमा प्रिस्टीन और पहले से विवादों में रही सुषमा क्रिसेंट शामिल हैं। खरीदारों का आरोप है कि निर्माण कार्य वर्षों से धीमा या ठप है, जबकि अधिकांश ने परियोजनाओं में बड़ी रकम निवेश कर रखी है।

मई 2026 में जीरकपुर थाना पुलिस ने सुषमा ग्रुप के प्रमोटरों बिंदुपाल मित्तल, भारत मित्तल और प्रतीक मित्तल सहित अन्य के खिलाफ दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कीं। एक मामले में सेवानिवृत्त मेजर जनरल ने आरोप लगाया कि एक करोड़ रुपये से अधिक का फ्लैट बुक कराने और लगभग पूरी राशि जमा करने के बावजूद तय समय पर कब्जा नहीं मिला और न ही धन वापस किया गया। दूसरे मामले में निवेशकों ने एम्पीरिया और प्रिस्टीन परियोजनाओं में निवेश के बाद कब्जा और वादा किए गए 'कमिटेड रिटर्न' बंद होने का आरोप लगाया। पुलिस ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और साजिश जैसी धाराओं में जांच शुरू की है।



खरीदारों का कहना है कि वे कई बार कंपनी कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन कर चुके हैं। उनका आरोप है कि महीनों तक आश्वासन दिए गए, लेकिन न तो निर्माण में अपेक्षित तेजी आई और न ही भुगतान लौटाया गया। सोशल मीडिया और विभिन्न मंचों पर भी निवेशकों ने अपनी नाराजगी जताई है। कई रिपोर्टों में सैकड़ों निवेशकों के प्रभावित होने का दावा किया गया है, हालांकि इसकी आधिकारिक संख्या अभी जारी नहीं की गई है।

इधर, जून 2026 में चंडीगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक मामले में सुषमा बिल्डटेक को खरीदार की जमा राशि लगभग 10.05 लाख रुपये ब्याज सहित लौटाने के साथ मानसिक प्रताड़ना और मुकदमेबाजी खर्च का भुगतान करने का आदेश दिया। आयोग ने माना कि तय समय पर कब्जा नहीं दिया गया और दस्तावेजों से सिद्ध भुगतान की वापसी का निर्देश दिया।

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का कहना है कि इन मामलों का असर केवल एक बिल्डर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे ट्राइसिटी के रियल एस्टेट बाजार में खरीदारों का भरोसा भी प्रभावित हो रहा है। वहीं, सुषमा ग्रुप ने विभिन्न कानूनी कार्यवाहियों में आरोपों से इनकार करते हुए अपना पक्ष रखा है और मामले न्यायिक व जांच प्रक्रिया के अधीन हैं।

# जगरांव में निजी अस्पताल के बाहर हंगामा

## इलाज में लापरवाही के आरोपों पर परिवार का धरना, डॉक्टर ने नकारा

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। स्थानीय पटवार भवन के पास स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर इलाज में कथित लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जगरांव के नजदीकी गांव दोलन के एक पीड़ित परिवार, ग्रामीणों और विभिन्न जथाबंदियों ने डॉक्टर दीपांशु गुप्ता के खिलाफ अस्पताल के बाहर जोरदार प्रदर्शन और नारेबाजी की। परिवार का आरोप है कि गलत इलाज और ऑपरेशन के कारण महिला मरीज की हालत नाजुक हो गई है, जो फिलहाल लुधियाना के एक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है।

**क्या है पूरा मामला ?**



**परिजनों के गंभीर आरोप:** महिला के पति हरजिंदर सिंह ने बताया कि पहले एक अन्य अस्पताल ने मरीज की गंभीर और 'हाई रिस्क' हालत को देखते हुए ऑपरेशन करने से साफ मना कर दिया था। इसके बाद वे अपनी पत्नी को डॉ. दीपांशु गुप्ता के पास लेकर आए, जिन्होंने इलाज का पूरा भरोसा दिया था।

**ऑपरेशन के बाद बिगड़ी स्थिति:** परिवार का आरोप है कि सर्जरी के बाद मरीज को लंबे समय तक होश नहीं आया। जब हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो उन्हें मजबूरन मरीज को रेफर करवाना पड़ा।

एम्बुलेंस में लापरवाही का दावा: परिजनों का यह भी कहना है कि मरीज को लुधियाना ले जाते समय रास्ते में एम्बुलेंस का ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म हो गया, जिससे उसकी स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। परिवार ने मांग की है कि मरीज के अब तक के इलाज और भविष्य के खर्चे का पूरा भुगतान अस्पताल प्रशासन करे।

**डॉक्टर ने दी सफाई:** दूसरी ओर, डॉ. दीपांशु गुप्ता ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मरीज का इलाज पूरी तरह से मेडिकल मानकों और प्रोटोकॉल के तहत किया गया था। मरीज की तबीयत अचानक 'हाई ब्लड प्रेशर' के कारण बिगड़ी थी, जिसकी जानकारी तुरंत परिजनों को दे दी गई थी।

# हेपेटाइटिस के खिलाफ हरियाणा का बड़ा कदम, 10 नए उपचार केंद्रों को मंजूरी



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। हरियाणा सरकार ने वायरल हेपेटाइटिस-बी और सी से पीड़ित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के तहत प्रदेश में 10 नए मुफ्त उपचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनके शुरू होने के बाद राज्य में उपचार केंद्रों की संख्या 26 से बढ़कर 36 हो जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि नए केंद्र खुलने से मरीजों को अपने जिले या घर के नजदीक ही नि:शुल्क जांच, दवाइयां, परामर्श और नियमित उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इससे उन्हें बड़े अस्पतालों या मेडिकल कॉलेजों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय पर इलाज सुनिश्चित होगा। नए उपचार केंद्र फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अलावा फतेहाबाद के रतिया और टोहाना, जींद के नरवाना, कैथल के गुहला, करनाल के असंध और नीलोखेड़ी, सिरसा के डबवाली और ऐलनाबाद तथा पानीपत के समालखा में स्थापित किए जाएंगे।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पीजीआईएमएस रोहतक में एक मॉडल उपचार केंद्र, जिला नागरिक अस्पतालों में 22 और सरकारी व सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में चार उपचार केंद्र संचालित हैं। भारत सरकार ने सभी 36 केंद्रों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि नए केंद्रों में मरीजों को नि:शुल्क स्क्रीनिंग, रोग की पुष्टि, प्रयोगशाला जांच, दवाइयां, विशेषज्ञ परामर्श और नियमित फॉलो-अप की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे बीमारी की समय पर पहचान होगी और लीवर से जुड़ी गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकेगा। डॉ. मिश्रा ने गर्भवती महिलाओं से भी अपील की कि वे हेपेटाइटिस-बी की जांच अवश्य कराएं। यदि गर्भवती महिला संक्रमित पाई जाती है तो नवजात को जन्म के 24 घंटे के भीतर हेपेटाइटिस-बी इम्यूनोग्लोब्युलिन (एचबीआईजी) और हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाया जाना चाहिए। यह सुविधा हरियाणा के सभी जिला नागरिक अस्पतालों में पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध है।

# चंडीगढ़ पुलिस की कार्रवाई: 9 दिन में तीन भगोड़े गिरफ्तार, हत्या के प्रयास का आरोपी भी दबोचा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस के पीओ एवं समन स्टाफ ने 15 जुलाई से 23 जुलाई 2026 के बीच विशेष अभियान चलाकर तीन घोषित भगोड़ों (पीओ) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो राज्य के मामलों के घोषित अपराधी और एक एनआई एक्ट (धारा 138) के मामले का भगोड़ा शामिल है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) यूटी चंडीगढ़ के निर्देश पर डीएसपी जिला अपराध शाखा पी. अभिनंदन की निगरानी तथा इंस्पेक्टर हरभजन सिंह के नेतृत्व में पीओ एवं समन स्टाफ ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, पहला आरोपी पुनीत कुमार निवासी रविंद्र एन्क्लेव, बलटाना (मोहाली) को वर्ष 2019 के चोरी के सामान रखने (धारा 411 आईपीसी) के मामले में बलटाना के पास से गिरफ्तार किया गया। उसे 6 जून 2026 को अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। आरोपी को संबंधित अदालत में पेश करने के बाद 4 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सुरक्षित रहना है तो सतर्क होना जरूरीः वर्कर से बाल-बाल बचे नामी कारोबारी, सराभा नगर के मैगा मार्ट के हैं मालिक

लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। आज के समय में अगर किसी व्यक्ति ने सुरक्षित रहना है तो उसे सतर्क होना जरुरी है, तभी वे खुद का बचाव कर सकेगा। ऐसी ही एक सतर्कता का मामला लुधियाना के सराभा नगर इलाके का सामने आया है। जहां पर एक कारोबारी पर उन्हीं के पुराने वर्कर ने नुकीले हथियार से हमला कर दिया। लेकिन कारोबारी ने सतर्कता अपनाई और तुरंत एक्शन लिया। जिससे वे वर्कर के हमले से बच गए। यदि वे अलर्ट न होते तो बड़ा नुकसान हो सकता था। हालांकि इसके बाद घर में मौजूद अन्य सदस्यों ने वर्कर को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस को मामले संबंधी शिकायत दी गई है। पुलिस वर्कर की तलाश कर रही है।




वर्कर के पकड़े जाने के बाद ही हमले के कारण का पता चल सकेगा।

**मैगा मार्ट चलाते हैं कारोबारी**

चर्चा है कि उक्त कारोबारी का सराभा नगर में ही एक बड़ा मैगा मार्ट है। उक्त हमलावर वर्कर भी उनके पास पिछले कई सालों से काम कर रहा था। चर्चा है कि एक दिन पहले सराभा नगर स्थित कारोबारी के घर में फैमिली मेंबर्स द्वारा आपस में गेट टुगेदर किया जा रहा था। इसी दौरान फैमिली के ही बुजुर्ग एक साइड पर अकेले बैठे थे। इस बीच उनका उक्त पुराना वर्कर घर आया। जिसने आते ही बुजुर्ग के पांव छूहे। जैसे ही वे ऊपर को उठा तो जेब से नुकीली चीज निकालकर उन पर हमला कर दिया गया। लेकिन बुजुर्ग के अलर्ट होने के चलते बचाव हो गया।

**घर के बेटे और महिलाओं ने पकड़ा हमलावर**

बुजुर्ग पर हमला नाकाम रहने के बाद हमलावर वर्कर ने भागने का प्रयास किया। लेकिन इस दौरान घर में मौजूद बेटे और दो महिलाओं ने हिम्मत दिखाई। उन्होंने वर्कर को पकड़ लिया। हालांकि बाद में वर्कर माफी मांगकर वहां से चला गया। लेकिन सुबह भी वे काम पर नहीं आया। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। इस घटना के बाद कारोबारी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**यकीन करें, मगर अलर्ट रहना जरुरी**

वहीं इस घटना के बाद यह जरुर है कि किसी भी करीबी पर फिर चाहे वह परिवारिक मेंबर हो, वर्कर हो या दोस्त हो, उस पर यकीन करें। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए हर समय अलर्ट भी रहे। ताकि कोई आपको जानी नुकसान न पहुंचा सके। अब इस मामले में कारोबारी का कहना है कि उन्होंने आज तक वर्कर को ऊंची आवाज में नहीं बुलाया। लेकिन फिर भी उसने हमला कर दिया। जिसके चलते सुरक्षित रहे और सतर्क रहें।

**Happy Birthday**



Bitesh Goel ji

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### इंकार का बदला हिंसा कैसे हो सकती है?

लुधियाना के बी.वी.एम. स्कूल में 10वीं कक्षा के एक छात्र पर उसकी सहपाठी द्वारा कथित तौर पर ब्लेड से हमला किए जाने की घटना बेहद चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि छात्र के चेहरे पर गहरे घाव आए और उसे 23 टांके लगाने पड़े। यदि यह घटना जांच में सही साबित होती है, तो यह केवल एक आपराधिक कृत्य ही नहीं, बल्कि समाज के लिए भी गंभीर चेतावनी है। 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की उम्र लगभग 15-16 वर्ष होती है। इस उम्र में दोस्ती, आकर्षण या आपसी मतभेद होना असामान्य नहीं है। हो सकता है कि दोनों के बीच पहले कोई करीबी संबंध रहा हो या केवल दोस्ती रही हो, लेकिन किसी भी रिश्ते में मतभेद या बातचीत बंद हो जाना हिंसा का कारण नहीं बन सकता। किसी के ना कहने या दूरी बनाने का जवाब उसके चेहरे पर हमला करना कभी भी प्रेम नहीं कहलाता। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर युवाओं के मन में इतनी नफरत और गुस्सा क्यों भर रहा है कि वे दूसरे के भविष्य और जीवन की परवाह किए बिना उसे शारीरिक नुकसान पहुंचाने को तैयार हो जाते हैं। सच्चा प्रेम सम्मान, विश्वास और दूसरे की इच्छा को स्वीकार करना सिखाता है, जबकि अधिकार जताना, बदला लेना और हिंसा केवल असुरक्षा और गलत सोच का परिचायक है। आज जरूरत है कि परिवार, स्कूल और समाज मिलकर बच्चों को भावनाओं पर नियंत्रण, अस्वीकार को स्वीकार करना और मतभेदों का शांतिपूर्ण समाधान सिखाएं। प्रेम का अर्थ किसी पर अधिकार जमाना नहीं, बल्कि उसकी स्वतंत्रता और सम्मान का आदर करना है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Screen Sharing App से कैसे होता है Online Fraud?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल Cyber Criminals लोगों से पैसे ठगने के लिए Screen Sharing Apps का तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं। कई लोग बिना जानकारी के ऐसे Apps डाउनलोड कर लेते हैं और कुछ ही मिनटों में उनके बैंक खाते खाली हो जाते हैं।

Fraud करने वाले व्यक्ति खुद को बैंक अधिकारी, Customer Care Executive, KYC अधिकारी या Online Shopping Company का कर्मचारी बताकर कहते हैं कि आपकी समस्या का समाधान करने के लिए एक अस्त्रस्त्र डाउनलोड करना होगा। जैसे ही आप Screen Sharing App डाउनलोड करके उसे अनुमति (Permission) दे देते हैं, सामने वाला व्यक्ति आपके मोबाइल की स्क्रीन देख सकता है। कई मामलों में वह आपके मोबाइल को Remote तरीके से भी Operate कर सकता है।

यदि आप उसी समय Screen Sharing App या Screen Sharing App खोलते हैं, तो आपकी Banking Information, OTP, Password या UPI PIN का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है।

ध्यान रखें कि कोई भी बैंक, RBI, NPCI या सरकारी विभाग आपकी समस्या हल करने के लिए Screen Sharing App डाउनलोड करने के लिए नहीं कहता। यदि आपने गलती से ऐसा App डाउनलोड कर लिया है, तो तुरंत Internet बंद करें, App हटाएं, अपने बैंक को सूचना दें और 1930 Cyber Helpline पर शिकायत दर्ज करें।

निष्कर्षः किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर Screen Sharing App कभी डाउनलोड न करें। यह आपके मोबाइल और बैंक खाते तक पहुंचने का सबसे आसान तरीका बन सकता है। सावधानी ही Cyber Fraud से सबसे बड़ी सुरक्षा है।

# नीट पेपर लीक और विद्यार्थियों पर हुए पुलिस अत्याचार के विरोध में कांग्रेस का रोष प्रदर्शन

लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक और दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा किए गए कथित अत्याचार के विरोध में वीरवार जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), लुधियाना के नेताओं और कार्यकताओं ने टिब्बा रोड स्थित कार्यालय के बाहर जिला प्रधान और पूर्व विधायक संजय तलवाड़ के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला फूंका। इस रोष प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी की सरकार में लगातार हो रहे पेपर लीक तथा विद्यार्थियों पर हो रहे कथित पुलिस अत्याचार को लेकर सवाल उठाए गए।




कांग्रेस नेताओं ने विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर की गई पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय भाजपा सरकार ने विद्यार्थियों की आवाज दबाने का रास्ता चुना है।

# 3000 छात्रों की राह बनी कीचड़ का रास्ता, रायपुर खुर्द के सरकारी स्कूल के बाहर बदहाल हालात

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। देश के सबसे योजनाबद्ध शहरों में शुमार चंडीगढ़ में जहां शिक्षा को आधुनिक बनाने और स्मार्ट क्लासरूम विकसित करने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं रायपुर खुर्द स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बाहर की तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। करीब 3,000 विद्यार्थियों वाले इस सरकारी स्कूल के बाहर बरसात के दिनों में सड़क की जगह कीचड़ और जलभराव दिखाई देता है।



बारिश के बाद स्कूल के मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बच्चों को जूते हाथ में लेकर या कीचड़ से होकर स्कूल पहुंचना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि हर मानसून में यही हालात बन जाते हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

समाजसेवी अरविंद सिंह ने कहा कि एक ओर प्रशासन स्मार्ट एजुकेशन, डिजिटल क्लासरूम और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था की बात करता है, वहीं दूसरी ओर स्कूल तक पहुंचने का बुनियादी रास्ता भी सुरक्षित नहीं है।

# लोगों ने किया शराब के ठेके का विरोध, आग लगाने की कोशिश



लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। ढोलेवाल के गुरु अर्जुन देव नगर स्थित बहादुरी खेत के पास शराब का ठेका खुलने को लेकर वीरवार को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में इलाकानिवासी स्थानीय पार्षद के साथ मौके पर पहुंचे और ठेका खोलने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर ठेके के लिए बनाए गए ढांचे को आग लगाने की कोशिश की। घटना में किसी तरह के जानी नुकसान की सूचना नहीं है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि जिस स्थान पर ठेका खोला जा रहा है, उसके आसपास रिहायशी क्षेत्र, मंदिर, डिस्पेंसरी और परिवार रहते हैं। लोगों ने चेतावनी दी कि वे किसी भी कीमत पर इस स्थान पर शराब का ठेका नहीं खुलने देंगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। एएसआई हरभजन सिंह ने कहा कि विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है, लेकिन किसी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाना या आगजनी करना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि ठेका संचालक की ओर से शिकायत दी गई है, जिसके आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# जंतर-मंतर प्रदर्शन की गूंज जीरकपुर तक: सीएचसी ढकोली-जीरकपुर के डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर किया जोरदार प्रदर्शन

## सरकारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश की अगुवाई में डॉक्टरों ने जताया विरोध, युवाओं पर कथित लाठीचार्ज को बताया अमानवीय;



जीरकपुर/यूटर्न/23 जुलाई। दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध की गूंज अब पंजाब के जीरकपुर तक पहुंच गई है। गुरुवार को सीएचसी ढकोली-जीरकपुर के सरकारी मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश की अगुवाई में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जोरदार शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान डॉक्टरों ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि प्रदर्शनकारियों पर अनावश्यक बल प्रयोग किया गया है तो यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है, बल्कि समाज के लिए भी चिंताजनक संदेश है। उन्होंने कहा कि असहमति की आवाज को लाठी के बल पर दबाने के बजाय सरकार को संवाद और संवेदनशीलता के साथ समाधान निकालना चाहिए।

# MSME को मिलेगा ग्रीन ग्रोथ का नया रास्ता, क्लाइमेट एक्शन और ग्रीन फाइनेंस पर विशेष प्रशिक्षण



लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (MSME) को पर्यावरण के अनुकूल और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योगों को जलवायु परिवर्तन (Climate Change), सतत विकास (Sustainability) और ग्रीन फाइनेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों की सरल एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई।

# पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की बार एसोसिएशनों ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रणाली का किया विरोध, तत्काल समीक्षा की मांग



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की बार एसोसिएशनों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जॉइंट एक्शन कमेटी) ने गुरुवार को लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) प्रणाली के क्रियान्वयन का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि इससे प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं के हितों तथा वर्तमान कानूनी सहायता व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की विभिन्न बार एसोसिएशनों के अध्यक्षों और सचिवों ने एलएडीसी योजना के संचालन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस नीति की तत्काल समीक्षा करने तथा आगे कोई भी निर्णय लेने से पहले बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों से विस्तृत विचार-विमर्श करने की मांग की। पदाधिकारियों ने कहा कि वे जरूरतमंद और पात्र लोगों को गुणवत्तापूर्ण कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के पूर्णतः पक्षधर हैं, लेकिन इसके लिए अपनाई जाने वाली किसी भी व्यवस्था में अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# पहली बार होने वाले निमाई पाठशाला सत्र के लिए एस.एस. खुराना को दिया निमंत्रण



लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। श्री मन्माध्वगौड़ेश्वर वैष्णवाचार्य आचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामी महाराज जी एवं रेणुका गोस्वामी जी द्वारा स्थापित निमाई पाठशाला, जिसकी शाखाएँ पूरे भारतवर्ष में संचालित हैं, के माध्यम से देशभर के विभिन्न शहरों में निमाई पाठशाला हरिनाम सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक अभियान से लाखों युवा और बच्चे जुड़कर भारतीय संस्कृति, संस्कारों और भक्ति मार्ग का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।इसी कड़ी में लुधियाना शहर में पहली बार निमाई पाठशाला के विशेष हरिनाम सत्र का आयोजन 26 जुलाई रविवार को प्रात 11 बजे किंग्स पैलेस, सुंदर नगर में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर शहरभर में श्रद्धालुओं को निमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में अंसल एस्टेट के नामी प्रॉपर्टी कारोबारी एस.एस. खुराना को विशेष रूप से निमंत्रण दिया गया। निमंत्रण स्वीकार करते हुए एस.एस. खुराना ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं संस्कारमय कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर हेमांग अरोड़ा, निखिल सचदेवा, सोमनाथ मल्होत्रा (बबू), समर्थ गोयल, सोहनलाल सोनू, कृष्ण पाहवा, हनी पाहवा, अर्शिया सोइन, राहुल जैसवाल, शिवांश पलटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व सीपीआर डे



लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए सी.पी.आर. डे का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में किसी व्यक्ति का जीवन बचाने के लिए आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा एवं सी.पी.आर. तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने हृदय गति रुकने की स्थिति में तुरंत किए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी दी। उन्होंने सी.पी.आर. देने की सही विधि, सही दबाव की उचित तकनीक तथा समय पर सहायता उपलब्ध कराने के महत्व को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रशिक्षण में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया तथा डम्मी मॉडल पर सी.पी.आर.का अभ्यास भी किया। स्कूल चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार एवं सी.पी.आर.का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही डायरेक्टर्स कमलप्रीत कौर, मनदीप वालिया, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा और प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने भी इसे सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## क्यूआर कोड से छेड़छाड़ कर पंजाब में खपाई जा रही थी चंडीगढ़ की शराब, कैंटर से 140 पेटियां बरामद, पानीपत का चालक गिरफ्तार



जीरकपुर/यूटर्न/23 जुलाई। चंडीगढ़ में बिक्री के लिए निर्धारित शराब को अवैध रूप से पंजाब में खपाने की कोशिश का आबकारी विभाग ने पदार्फाश किया है। चंडीगढ़-जीरकपुर मार्ग पर की गई नाकाबंदी के दौरान विभाग की टीम ने शराब से भरा एक कैंटर पकड़कर 140 पेटियां बरामद कीं। जांच के दौरान बोतलों पर लगे क्यूआर कोड से छेड़छाड़ किए जाने की बात भी सामने आई है। डिप्टी कमिश्नर आबकारी पटियाला खुशदिल संधू, सहायक कमिश्नर आबकारी रोपड़ रेंज अशोक चलोत्रा और आबकारी अधिकारी मोहाली दीवान चंद शर्मा के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह ने जीरकपुर पुलिस के साथ होटल वेलवेट क्लार्क्स के निकट नाका लगाया था। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर के एक कैंटर में चंडीगढ़ मार्का शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर कैंटर नंबर एचआर-38एए-2423 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन के भीतर से रॉयल चैलेंज और रॉयल स्टैग ब्रांड की कुल 140 पेटियां मिलीं। शराब पर केवल यूटी चंडीगढ़ में बिक्री किए जाने का उल्लेख था। बरामद खेप में रॉयल चैलेंज की 40 पेटियां बड़ी बोतल और 40 पेटियां निप की थीं। इसके अलावा रॉयल स्टैग की 20 पेटियां बोतल और 40 पेटियां पिंट बरामद हुई। रॉयल चैलेंज शराब बनूड़ स्थित चंडीगढ़ डिस्टिलर्स एंड बॉटलर्स लिमिटेड, जबकि रॉयल स्टैग डेराबस्सी क्षेत्र के गांव हरिपुर हिंदुआ स्थित राजस्थान लिकर्स लिमिटेड में बोतलबंद की गई थी।

## विश्वास फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्र



जीरकपुर/यूटर्न/23 जुलाई। अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने बुधवार को जीरकपुर में रक्तदान शिविर लगाया। अंबाला-चंडीगढ़ रोड पर मेट्रो स्टोर के सामने आयोजित शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का आयोजन गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला एसएएस नगर शाखा के सहयोग से किया गया। एम केयर ब्लड सेंटर जीरकपुर की मेडिकल टीम ने डॉ. कार्तिक अग्रवाल की देखरेख में रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की जांच करने के बाद रक्त एकत्र किया। शिविर में जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं, स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और राहगीरों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है।

## जंतर-मंतर पर ऑपरेशन प्रोटेस्ट 2.0: प्रदर्शनकारी पुलिस और सरकार से आगे

हर दौर की सरकार को लगता है कि उसने विरोध-प्रदर्शनों से निपटने का तरीका पूरी तरह सीख लिया है। वहीं, हर दौर के प्रदर्शनकारी चुपचाप इसका नया तरीका अपना लेते हैं। जंतर-मंतर के नजारों से लगा कि यह जाना-पहचाना मुकाबला अब एक नए दौर में पहुँच गया है। यह सिर्फ़ लोगों का जमावड़ा नहीं था जो प्लेकार्ड लिए नारे लगा रहे हों। यह किसी अच्छी तरह से तैयार किए गए ऑपरेशन जैसा था, जिसमें प्रशासन की हर संभावित चाल का आम लोगों की तरफ से भी उतना ही सोच-समझकर जवाब दिया जा रहा था।



संदीप शर्मा, सम्पादक

पहली हैरानी की बात थी बातचीत का तरीका।

अगर यह सोचा गया था कि आम मोबाइल कनेक्टिविटी बंद करने से प्रदर्शनकारी अलग-थलग पड़ जाएँगे, तो यह सोच आधुनिक तकनीक के सामने टिक नहीं पाई। प्रदर्शनकारियों के बीच अक्सर 'ब्रायर' (इ१ू१) की चर्चा हो रही थी, जो एक पीयर-टू-पीयर मैसेजिंग ऐप है। इसे इसलिए बनाया गया है ताकि आम इंटरनेट सेवाएँ भरोसेमंद न होने पर भी लोग एक-दूसरे से जुड़े रह सकें। पहले से की गई बेहतरीन तैयारी के साथ-साथ जानकारी का आदान-प्रदान जारी रहा, वॉलंटियर्स ने एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाया और निर्देश हैरानी की हद तक तेजी से भीड़ के अलग-अलग हिस्सों तक पहुँचे। दूसरी हैरानी धुएँ के साथ सामने आई। आँसू गैस के गोले लंबे समय से घबराहट और केमिकल, दोनों पर निर्भर रहे हैं। लेकिन युवा प्रदर्शनकारी इन दोनों ही चीजों को बेअसर करने के लिए तैयार दिखे। बिना मकसद इधर-उधर भागने के बजाय, वॉलंटियर्स ने लोगों को जल्दी से सँभलने में मदद की; उन्होंने गीले तौलियों और जूट की बोरियों से आँसू गैस के गोलों को बेअसर कर दिया।

फिर वॉटर कैनन (पानी की बौछार) का इस्तेमाल हुआ। लगभग यह उम्मीद थी कि प्रदर्शनकारी इंजीनियरिंग के डायग्राम दिखाएँगे। इसके बजाय, उन्होंने तेजी से हालात के हिसाब से खुद को ढाला; कई बार उन्होंने पानी की तेज धार का रुख मोड़ने या उसके असर को कम करने की कोशिश की। सबक सीधा था: भीड़ को काबू करने का कोई भी नया तरीका आखिरकार भीड़ की तरफ से भी किसी नए तरीके को जन्म देता है। शायद सबसे खास बात थी संगठन। प्रदर्शनकारी शायद ही कभी सिर्फ़ एक भीड़ की तरह व्यवहार करते दिखे। वे टीमों की तरह काम कर रहे थे। छोटे-छोटे समूह एक साथ रहे, एक-दूसरे का ध्यान रखा और दबाव बढ़ने पर फिर से एकजुट हो गए। अगर एक समूह तितर-बितर होता, तो दूसरा उसकी जगह लेने के लिए तैयार दिखता। वॉलंटियर्स फर्स्ट-एड किट, पीने का पानी और निर्देश लेकर सामने आए। अनुशासन काबिले-तारीफ था।

और फिर वह रहस्य सामने आया जिसने मिलिट्री लॉजिस्टिक्स के जानकारों को भी हैरान कर दिया। खाना। अक्सर उम्मीद की जाती है कि भूख लगने पर प्रदर्शनों की रफ़्तार धीमी पड़ जाएगी। फिर भी खाना आता रहा। अलग-अलग दिशाओं से खाने के पैकेट आते दिखे। पानी की बोतलें बड़ी मात्रा में मौजूद थीं। वॉलंटियर्स ने पक्का किया कि जरूरत मंद लोगों तक सामान पहुँचे। यह बताना मुश्किल था कि कोई विरोध-प्रदर्शन देख रहा है या दबाव में चल रही एक बेहतरीन ढंग से संचालित कम्युनिटी किचन।

इस बीच, अधिकारी पुरानी सोच के साथ ही स्थिति से निपटने की कोशिश कर रहे थे। दशकों से, भीड़ को नियंत्रित करने के तौर-तरीकों में बैरिकेड्स, संचार में रुकावट, आंसू गैस, वॉटर कैनन और बलपूर्वक भीड़ को तितर-बितर करने पर ही ध्यान दिया जाता रहा है। ये तरीके उस दौर में विकसित हुए थे जब सूचनाएं धीरे-धीरे फैलती थीं और संगठन मुख्य रूप से आमने-सामने के तालमेल पर निर्भर करते थे।

आज के प्रदर्शनकारी बिल्कुल अलग दुनिया में रहते हैं। वे अलग-अलग महाद्वीपों में हो रहे प्रदर्शनों से सीखते हैं। वे प्रदर्शन स्थल पर पहुंचने से पहले ही अपनी रणनीतियों पर चर्चा कर लेते हैं। वे हर तरह की संभावित स्थितियों के लिए तैयारी रखते हैं। वे अधिकारियों की प्रतिक्रियाओं का अंदाजा लगभग उतनी ही बारीकी से लगाते हैं जितनी बारीकी से सरकारें उनकी योजना बनाती हैं। हर विरोध-प्रदर्शन अगले प्रदर्शन के लिए सबक छोड़ जाता है।

यह मुकाबला चुपचाप ताकत के प्रदर्शन से बदलकर हालात के अनुसार खुद को ढालने की होड़ में बदल गया है।

## कमल चौक-रायकोट रोड पर सीवर जाम होने के कारण नरक जैसे हालात

### दुकानदारों ने प्रशासन को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। जगरांव की अहम व्यापारिक मार्केट, कमल चौक से रायकोट रोड तक का हिस्सा इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही का शिकार बना हुआ है। पिछले कई दिनों से सीवर सिस्टम पूरी तरह बंद होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर तालाब का रूप धारण कर चुका है। इस गंदे पानी के कारण पूरे इलाके में भारी बदबू फैली हुई है, जिससे ग्राहकों का मार्केट में आना मुश्किल हो गया है और दुकानदारों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



#### प्रशासन की अनदेखी से लोग भड़के

स्थानीय दुकानदारों और इलाका निवासियों प्रिंस कटारिया, विक्की, जसकीरत, सतनाम सिंह, राजू, आशु, सूरज, राकेश और जगमोहन ने बताया कि उन्होंने इस गंभीर समस्या के बारे में कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को फोन किए और व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी गुहार लगाई, लेकिन विभागीय अधिकारियों की ओर से हर बार सिर्फ टालमटोल ही किया गया। अधिकारियों के इस रवैये के कारण लोगों में भारी रोष पाया जा रहा है।

#### मांग-पत्र सौंपकर दी चेतावनी

समस्या की गंभीरता को देखते हुए आज मार्केट के समस्त दुकानदारों और इलाका निवासियों ने एकजुट होकर नगर परिषद के प्रधान को एक लिखित मांग-पत्र सौंपा है। दुकानदारों ने प्रशासन को स्पष्ट रूप से 24 घंटे का समय दिया है कि इस समय के भीतर-भीतर सीवर की समस्या का समाधान किया जाए।

#### तीखे संघर्ष की चेतावनी

दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सीवर की सफाई करवाकर पानी की निकासी नहीं की गई, तो समस्त मार्केट के दुकानदार और इलाका निवासी सड़कों पर उतरकर संघर्ष शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। इस तरह के किसी भी प्रदर्शन या ट्रैफिक जाम की पूरी ज़िम्मेदारी संबंधित प्रशासन और नगर परिषद की होगी।

## फर्जी मरीज बनकर आए लुटेरों ने निजी अस्पताल को बनाया निशाना

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। शहर के फीली गेट से रायकोट रोड स्थित एक निजी चोपड़ा अस्पताल में वीरवार तड़के एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। खुद को मरीज बताकर अस्पताल में घुसे कुछ युवकों ने सुनियोजित तरीके से डॉक्टर के साथ मारपीट की, उन्हें बंधक बनाने का प्रयास किया और हथियारों के बल पर लाखों रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद से पूरे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल है।



**ऐसे रची गई लूट की साजिश:** पीड़ित डॉ. विजय चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार शाम एक संदिग्ध युवक इलाज के बहाने उनके क्लिनिक पर आया था। प्राथमिक जांच के बाद जब उसे दवा दी गई, तो उसने ड्रिप लगवाने की इच्छा जताई और अगले दिन सुबह आने की बात कहकर चला गया। पूर्व नियोजित योजना के तहत, वीरवार सुबह करीब 7:15 बजे वही युवक पांच अन्य लोगों के साथ दोबारा क्लिनिक में आ धमका और ड्रिप लगाने के लिए दबाव बनाने लगा।

# जागरांव में गरजा सफाई कर्मचारियों का आक्रोश

## बरनाला लाठीचार्ज के विरोध में फूंका सीएम और डीएसपी का पुतला

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। पंजाब सफाई सेवक यूनियन के आह्वान पर बरनाला में सफाई कर्मचारियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में जागरांव में भारी रोष प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष अरुण गिल की अगुवाई में सैकड़ों सफाई कर्मचारियों और विभिन्न जन संगठनों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और बरनाला के डीएसपी सतवीर सिंह बैंस का पुतला फूंका।





प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बरनाला में शांतिपूर्ण संघर्ष कर रहे सफाई सेवकों पर पुलिस ने अमानवीय बर्बरता दिखाई, जिसमें 18 से अधिक महिला व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए और कई नेताओं को अवैध रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। इसे लोकतंत्र का घोर अपमान बताते हुए वक्ताओं ने सरकार को कड़ी चेतावनी दी।

**प्रदर्शन के उपरांत:** प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी गईं।

**न्यायिक जांच:** बरनाला लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

**दोषियों पर कार्रवाई:** दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं।

**रिहाई और मुआवजा:** गिरफ्तार नेताओं को तुरंत बिना शर्त रिहा किया जाए और घायलों को मुआवजा दिया जाए।

इस विरोध प्रदर्शन में इंकलाबी केंद्र पंजाब के सचिव कंवलजीत खन्ना, बीकेयू डकौंदा के जिला अध्यक्ष जगतार सिंह देहड़का, ग्रामीण मजदूर यूनियन के सुखदेव सिंह मानूंके, और सेंट्रल वाल्मीकि सभा के कुलवंत सिंह सहोता सहित कई प्रमुख नेता व नगर पालिका कर्मचारी भारी संख्या में मौजूद रहे।

# पंजाबी एक्टर रब्बी कंदोला अकाली दल वारिस पंजाब दे में शामिल


पंजाब/यूटर्न/23 जुलाई। खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी में अकाली दल वारिस पंजाब दे में किसानों के मुद्दों पर बनी पंजाबी फिल्म से पहचान बनाने वाले अभिनेता रब्बी कंदोला गुरुवार को शामिल हो गए। सेक्टर-27 स्थित चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें सिरोपा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी पार्टी का दामन थामा।



रब्बी कंदोला ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर इसमें शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी पंजाबी मां-बोली के संरक्षण, पंजाबियों के अधिकारों की रक्षा, युवाओं की शिक्षा, पेपर लीक जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई और रोजगार के लिए पारदर्शी कानून बनाने की बात करती है। यही मुद्दे उन्हें पार्टी से जोड़ने का कारण बने हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर मजबूती से आवाज उठाना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

# मेयर के पति पर आरोप लगाने वाली महिला ने कर डाला 40 लाख का फ्रॉड, जमीन बेचने की एवज में ली रकम, पर्चा दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर के पति रवि आनंद पर कई तरह के आरोप लगाने वाली महिला पर ही 40 लाख की ठगी मारने के आरोप लगे हैं। उन पर दरेसी की न्यू शिवपुरी मेन रोड पर स्थित एक जमीन का सौदा करके रजिस्ट्री न करवाने के आरोप हैं। पीड़ित ने इस संबंधी तीन महीने पहले पुलिस को शिकायत दी। जिस पर जांच के बाद कार्रवाई की गई। थाना दरेसी की पुलिस ने दरेसी रोड के मिक्की साहनी की शिकायत पर न्यू शिवपुरी की कुलदीप वर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुलदीप वर्मा न्यू शिवपुरी में लिटल चैंप प्लेवे स्कूल चलाती है। जबकि उसका अपना टिफिन बॉक्स का काम भी है। शिकायतकर्ता मिक्की साहनी नगर निगम का ठेकेदार है। जिसकी और से डीसी ऑफिस की मल्टीस्टोरी पार्किंग का ठेका ले रखा है। मिक्की साहनी अनुसार उक्त आरोपी महिला का एक 400 गज का प्लॉट है। उसने उक्त प्लॉट को बेचने के लिए मिक्की साहनी के साथ सौदा किया था। जिसकी एवज में 40 लाख रुपए भी ले लिए। पेमेंट लेने के बावजूद महिला द्वारा रजिस्ट्री नहीं करवाई गई। उसे कई बार रजिस्ट्री कराने को कहा गया, लेकिन वे टाल मटोल करती रही। जिसके बाद न तो रजिस्ट्री करवाई और न ही पेमेंट वापिस की।



# कांग्रेस पार्टी की ताकत जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता: राजेश इंद्र सिंह सिद्धू

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। हलका जगरांव में कांग्रेस पार्टी के एससी डिपार्टमेंट के मामलों को लेकर एससी डिपार्टमेंट पंजाब के वाइस चेयरमैन राजेश इंद्र सिंह सिद्धू ने एक अहम बैठक की। इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न नेताओं और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।





**एससी भाईचारे के अधिकार:** वाइस चेयरमैन सिद्धू ने जोर देकर कहा कि एससी भाईचारे के अधिकारों की रक्षा और उनकी भलाई के लिए सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना पार्टी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

**2027 चुनाव की तैयारी:** उन्होंने कहा कि पंजाब विधानसभा के आगामी 2027 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी की जीत में एससी डिपार्टमेंट अहम योगदान देगा।

**संगठन की ताकत:** सिद्धू ने स्पष्ट किया कि जमीन से जुड़ा हुआ कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होता है और एससी समाज हमेशा से कांग्रेस पार्टी की मुख्य ताकत रहा है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर पार्टी की तरक्की के लिए प्रयास करने की अपील की।

**प्रमुख मुद्दे:** बैठक के दौरान विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई तथा नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखते हुए उनके समाधान के लिए सुझाव दिए। अंत में वाइस चेयरमैन सिद्धू ने सभी को मिलकर काम करने का संदेश दिया और भरोसा दिलाया कि एससी भाईचारे की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

**प्रमुख उपस्थिति:** इस अवसर पर चेयरमैन जीवन बागीयां, चेयरमैन रिंपी लधर, उत्तम सिंह, पूर्व सरपंच बलवीर मलक, जगिंदर सिंह, करमजीत सिंह, राजकुमार भोला, तेजा सिंह, ईशर सिंह, दविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, राजिंदर सिंह, गुरदीप सिंह और सुखदेव सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लुधियाना में जल्द शुरू होगी ई-बस सेवा, कमिश्नर ने बस डिपो निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना में जल्द पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत शहर में ई-बस सेवा शुरू हो जाएगी। इस संबंधी नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने बुधवार को हंबड़ां रोड और घोड़ा कॉलोनी में निमार्णाधीन ई-बस डिपो का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों और ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, लुधियाना को जल्द ही प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 100 इलेक्ट्रिक बसें मिलने की उम्मीद है। इनमें से 30 ई-बसों के लिए हंबड़ां रोड पर और 70 ई-बसों के लिए घोड़ा कॉलोनी में आधुनिक डिपो तैयार किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एमसी के ज्वाइंट कमिश्नर विनीत कुमार, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर शाम लाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। घोड़ा कॉलोनी स्थित डिपो का निरीक्षण करते हुए एमसी कमिश्नर ने निर्माण स्थल पर रखे सामान को हटाने के लिए पुलिस विभाग और नगर निगम की तहबाजारी शाखा के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।



# 'सबूत भी दिए, सुराग भी दिए- फिर भी इंसाफ का इंतजार'

## CCTV में कैद चोर- फिर भी FIR नहीं!, मनीमाजरा में कारोबारी परिवार के घर लाखों की चोरी





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। सेक्टर 13 मनीमाजरा स्थित न्यू दर्शनी बाग में हुई लाखों रुपये की चोरी ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित महिला का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही संदिग्ध युवतियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई।

पीड़ित परिवार के अनुसार उनके घर से करीब 5 तोले का सोने का हार (लगभग ₹7.5 लाख) और ₹40 हजार नकद चोरी हो गए। घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिवार का दावा है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, संदिग्ध युवतियों की तस्वीरें और उनसे जुड़े महत्वपूर्ण सुराग भी पुलिस को सौंप दिए गए, लेकिन इसके बावजूद मामला आगे नहीं बढ़ा।



### अब खुद ही आरोपियों की तलाश में परिवार

पुलिस कार्रवाई में देरी से निराश पीड़ित महिला अब खुद ही आरोपियों की तलाश में जुट गई है। परिवार ने शहर के कई ज्वैलर्स को चोरी हुए सोने के हार की पूरी जानकारी और पहचान भी उपलब्ध करा दी है, ताकि यदि आरोपी हार बेचने की कोशिश करें तो इसकी सूचना तुरंत मिल सके।

### CCTV फुटेज बना सबसे बड़ा सबूत

पीड़ित का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवतियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। परिवार का दावा है कि फुटेज के अलावा आरोपियों तक पहुंचने में मदद करने वाले अन्य सुराग भी पुलिस को दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज न होने और जांच में प्रगति न होने से परिवार खुद को असहाय महसूस कर रहा है।

### इलाके में चर्चा, पुलिस पर उठे सवाल

मामले ने स्थानीय लोगों का ध्यान भी खींचा है। लोगों का कहना है कि यदि प्राथमिक साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद कार्रवाई में देरी होती है, तो इससे कानून व्यवस्था पर लोगों का भरोसा प्रभावित हो सकता है। उनका मानना है कि ऐसे मामलों में त्वरित जांच और कानूनी प्रक्रिया शुरू होना जरूरी है।

### पुलिस का पक्ष आना बाकी

मनीमाजरा थाना पुलिस की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस का पक्ष मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। फिलहाल सबकी नजर इस बात पर है कि पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है और पीड़ित परिवार को कब न्याय मिल पाता है।

# सुखमनी प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन तेज करने की तैयारी, 25 जुलाई को होगी आपात बैठक

## पांच महीने से धरने पर बैठे कर्मचारियों ने रोजगार बहाली की मांग उठाई



डेराबस्सी/यूटर्न/23 जुलाई। सुखमनी प्रबंधन की ओर से कथित तौर पर नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों का धरना करीब पांच महीने से जारी है। कर्मचारियों और श्रमिक संगठनों ने प्रबंधन पर उनकी मांगों की अनदेखी करने और अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है।

आंदोलन की आगामी रणनीति तय करने के लिए 25 जुलाई को सुबह 10 बजे सुखमनी स्कूल के सामने चल रहे धरनास्थल पर आपात बैठक बुलाई गई है। बैठक में किसान, कर्मचारी, मजदूर और परिवहन संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के लोगों को भी शामिल होने की अपील की गई है। भारतीय किसान यूनियन लखोवाल के पंजाब उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला और एटक के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद चुघ ने कहा कि कर्मचारी भीषण गर्मी और बारिश के बावजूद लगातार धरने पर बैठे हैं, लेकिन प्रबंधन की ओर से रोजगार बहाली को लेकर अब तक कोई गंभीर पहल नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित संस्थानों में स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं दिए जा रहे हैं। नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों के सब्र का बांध टूट चुका है। बैठक में प्रबंधन के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी, ताकि निकाले गए कर्मचारियों का रोजगार बहाल कराया जा सके। इस संबंध में हुई बैठक में भारतीय किसान यूनियन लखोवाल के वरिष्ठ नेता गुरप्रीत सिंह जास्तना, नानू सिंह जनेतपुर, एटक के प्रदेश नेता विनोद चुघ, कर्मचारी नेता गुरबिंदर सिंह, कमलजीत सिंह और बलजीत सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मुल्लांपुर दाखा में नाबालिग से छेड़छाड़ का मामला दर्ज, पिता-पुत्र के खिलाफ लगा पोक्सो एक्ट

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। थाना दाखा के अंतर्गत आने वाले इलाके गुरु नानक नगर (डिस्पोजल रोड, मुल्लांपुर मंडी) में एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों के बयानों के आधार पर पिता-पुत्र के खिलाफ पोक्सो एक्ट (POCSO Act) और प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**घटना का विवरण...**पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, घटना बीती 24 मार्च की है। शिकायतकर्ता माता-पिता और उनके दोनों लड़के शाम करीब 7 बजे घर का घरेलू सामान खरीदने के लिए बाजार गए थे, और नाबालिग लड़की (उम्र करीब 14 वर्ष, जो कि 10वीं कक्षा की छात्रा है) घर पर अकेली थी।

शिकायत में बताया गया है कि जब परिवार के सदस्य रात करीब 8 बजे वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि विजये कुमार पुत्र उत्तम साहू और उसका लड़का लक्ष्मण कुमार (निवासी डिस्पोजल रोड, गुरु नानक नगर, मुल्लांपुर मंडी, वार्ड नंबर 12) उनके घर से बाहर निकले। घर के अंदर जाने पर उनकी बेटी रो रही थी। पूछताछ करने पर पीड़िता बच्ची ने रोते हुए परिजनों को बताया कि उक्त दोनों आरोपियों ने उसके साथ अवांछित हरकत और छेड़छाड़ की।

**कानूनी कार्रवाई:** इस मामले में थाना दाखा की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकद्दमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी जांच शुरू कर दी है।

# फैशन लवर्स ने लिया फैशन लाइफस्टाइल शो में हिस्सा



लुधियाना/यूटर्न/23 जुलाई। लुधियाना में दि रॉयल सागा की ओर से दो दिवसीय राखी एडिट फैशन लाइफस्टाइल शो का आयोजन होटल महाराजा में श्रुति सिंगल और काव्या धीर द्वारा किया गया। फैशन इन्फ्लूएंसर खुशबू जिंदल ने इसको मैनेज किया।इस फैशन लाइफस्टाइल शो में फैशन के नए-नए ट्रेंड्स देखने को मिले। इसका शुभारंभ क्रमिका से पद्मश्री रजनी बैक्टर ने किया। डिजाइनर कपड़े, ज्वैलरी, होम डैकोर जैसी कई चीजें देखने को मिली। शहर के प्रमुख ब्लॉगर्स, फैशन इन्फ्लूएंसर्ज, मेकअप आर्टिस्ट, डिजाइनर्स आदि ने इसमें हिस्सा लिया।खास तौर पर फिक्की फ्लो मेंबर्स ने भी हिस्सा लिया।

# सीएचसी ढकोली में एचपीवी टीकाकरण जारी, अफवाहों से बचने की अपील



जीरकपुर/यूटर्न/23 जुलाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ढकोली में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें केंद्र के साथ-साथ फील्ड में जाकर भी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का टीकाकरण कर रही हैं। डॉ. रिया मित्तल ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सुरक्षित है और अब तक किसी गंभीर दुष्प्रभाव का मामला सामने नहीं आया। उन्होंने अभिभावकों से सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों से बचने और बेटियों का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। एलएचवी प्रवीण ने बताया कि मार्च 2026 से अब तक 2022 बालिकाओं को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। स्वास्थ्यकर्मी शाइना, अनीता सहित अन्य सदस्य अभियान में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और समय पर टीकाकरण इससे बचाव का प्रभावी माध्यम है।

# राजनीतिक दबाव के चलते होशियारपुर पुलिस डकैती के मामले को दबाने की कोशिश में?






होशियारपुर/यूटर्न/23 जुलाई। गढ़दीवाला के गांव कंधालियां स्थित अधिवक्ता सुखविंदर सिंह कंधाली के पोल्ट्री फार्म में पुलिस की वर्दी पहनकर आए हथियारबंद बदमाशों द्वारा की गई कथित डकैती के मामले में पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। बताया जा रहा है कि बदमाश जिन वाहनों में आए थे, उन पर "Punjab Police" लिखा हुआ था और हूटर भी लगे थे। इनमें से एक आरोपी खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय (CMO) से आया हुआ बता रहा था। आरोप है कि बदमाश बड़ी मात्रा में पोल्ट्री फीड (मुर्गी दाना) लूटकर फरार हो गए।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। चर्चा है कि राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस ने अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि सत्ता तक पहुंच रखने वाले कुछ स्थानीय नेता आरोपियों को संरक्षण दे रहे हैं। पुलिस की कथित ढीली कार्रवाई को लेकर वकील समुदाय में भी रोष देखा जा रहा है।

अधिवक्ता सुखविंदर सिंह कंधाली का आरोप है कि पुलिस उन पर डकैती की शिकायत वापस लेने का दबाव बना रही है। उनका कहना है कि उन्हें अज्ञात लोगों से जान-माल के नुकसान की धमकियां भी मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर होशियारपुर पुलिस की होगी। वहीं, गढ़दीवाला थाना प्रभारी (एसएचओ) सतपाल सिंह बाजवा ने बताया कि मामले में आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

Happy Birthday



डी एस चावला

# मुफ्त सिलाई प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बन रहीं लड़कियां



पटियाला/यूटर्न/23 जुलाई। बचित्तर नगर में जनहित समिति द्वारा संचालित मुफ्त सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय लेखिका अमरजीत कौर साहीवाल, समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिक्षाविद् अनिल कुमार भारती तथा समाज सेविका सोनिया पुरी ने प्रशिक्षण ले रही लड़कियों और महिलाओं से संवाद किया।

समिति के मैनेजर सतीश जोशी ने बताया कि अतिथियों ने विद्यार्थियों को सिलाई-कढ़ाई सीखकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ किसी न किसी हाथ के हुनर का होना जीवन में सफलता के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करने तथा उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया।

केंद्र से अब तक सैकड़ों लड़कियां और महिलाएं मुफ्त प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं। वर्तमान में करीब 60 महिलाएं और युवतियां विभिन्न समूहों में सिलाई-कढ़ाई सीख रही हैं।

अनिल कुमार भारती ने बताया कि जनहित समिति की स्थापना वर्ष 1987 में स्वर्गीय पंडित ओम प्रकाश कौशिश ने 11 सदस्यों के साथ की थी। संस्था अब तक समाज कल्याण कार्यों पर करीब 8.50 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। अध्यक्ष एसके गौतम और महासचिव विनोद कुमार शर्मा ने लोगों से सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील की।

# जीरकपुर नगर परिषद में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट ने संभाला कार्यभार

## विधायक रंधावा बोले- योग्यता और ईमानदारी के आधार पर दी जा रही जिम्मेदारियां



जीरकपुर/यूटर्न/23 जुलाई। जीरकपुर नगर परिषद में गुरविंदर सिंह रंगी ने सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और जशनप्रीत कौर सैनी ने वाइस प्रेसिडेंट के पद का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा, आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों, पार्षदों और कार्यकताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार में जिम्मेदारियां योग्यता, ईमानदारी और समर्पण के आधार पर सौंपी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व की सोच के अनुरूप आम परिवारों से आने वाले शिक्षित युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। उनके अनुसार उनकी टीम में डॉक्टर, इंजीनियर, उच्च शिक्षित युवा और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके लोग शामिल हैं, जो शहर के विकास को गति देंगे। रंधावा ने कहा कि नगर परिषद पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेगी तथा शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना नई टीम की जिम्मेदारी है। कार्यभार संभालने के बाद गुरविंदर सिंह रंगी और जशनप्रीत कौर सैनी ने पार्टी नेतृत्व और विधायक रंधावा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शहर में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना, सफाई व्यवस्था में सुधार लाना और बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डों का समान विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षद, वार्ड प्रभारी, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# फिटनेस और खूबसूरती से अनुष्का शर्मा ने फिर जीता दिल



बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी फिटनेस, सादगी और स्टाइलिश अंदाज को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनके हर लुक में आत्मविश्वास और शालीनता साफ दिखाई देती है। नियमित योग, वर्कआउट और अनुशासित जीवनशैली उनकी दमदार फिटनेस का राज मानी जाती है। उनकी खूबसूरती के साथ-साथ मुस्कान भी प्रशंसकों का ध्यान खींचती है। एलिगेंस और ग्रेस का शानदार मेल अनुष्का शर्मा की खास पहचान बन चुका है। यही कारण है कि उनका हर नया अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से पसंद किया जाता है और वह लाखों लोगों के लिए फिटनेस तथा स्टाइल प्रेरणा बनी हुई हैं।

# मेदांता में वांगचुक से सहानुभूति में मिलने को भी पुलिस की मंजूरी जरूरी

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। बुधवार शाम गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के बाहर तब हंगामा हुआ जब पुलिस ने विपक्षी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल को एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से मिलने से रोक दिया। वांगचुक का इलाज दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से यहां शिफ्ट किए जाने के बाद चल रहा है। कई विपक्षी पार्टियों के सांसद वांगचुक का हाल-चाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया और बार-बार अनुरोध करने के बावजूद अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। इस कदम से सांसदों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई; नेताओं ने अधिकारियों पर बिना कोई ठोस कारण बताए उन्हें मिलने से रोकने का आरोप लगाया।



## चार हफ्ते से चल रही थी भूख हड़ताल

वांगचुक शिक्षा सुधारों और परीक्षा पेपर लीक के लिए जवाबदेही की मांगों को लेकर लगभग चार हफ़्तों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। अपनी पसंद के अस्पताल में इलाज कराने की अदालत से मंजूरी मिलने के बाद उन्हें मेदांता शिफ्ट किया गया था। इससे पहले, बिगड़ती सेहत को देखते हुए दिल्ली पुलिस उन्हें जंतर-मंतर पर विरोध स्थल से सफदरजंग अस्पताल ले गई थी।

## कई विपक्षी नेताओं ने उठाए सवाल

कई विपक्षी नेताओं ने चुने हुए प्रतिनिधियों को एक्टिविस्ट से मिलने से रोकने के फैसले पर सवाल उठाए और कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीज से मिलने पर रोक लगाने का कोई औचित्य नहीं है। कुछ नेताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारी वांगचुक को राजनीतिक मुलाकातियों और समर्थकों से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे थे, जबकि उनका कहना था कि वे सिर्फ. उनकी हालत के बारे में जानना चाहते थे। सांसदों के वहां से जाने से पहले कुछ देर तक यह टकराव चलता रहा। अस्पताल के आसपास सुरक्षा कड़ी रही और आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए प्रवेश द्वार पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

## लगातार बढ़ रहा राजनीतिक तनाव

यह घटना वांगचुक के अनशन को लेकर बढ़े हुए राजनीतिक तनाव के बीच हुई है, जिसे छात्र समूहों, नागरिक समाज संगठनों और कई विपक्षी पार्टियों का समर्थन मिला है। दिल्ली में विरोध स्थल से उन्हें हटाए जाने और उसके बाद अस्पताल में भर्ती कराए जाने पर विपक्षी नेताओं ने आलोचना की थी और केंद्र पर शांतिपूर्ण विरोध को दबाने का आरोप लगाया था। हालांकि, सरकार का कहना है कि उन्हें अस्पताल शिफ्ट करने का फैसला पूरी तरह से चिकित्सीय आधार पर लिया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को मेदांता में वांगचुक से मुलाकात की थी और केंद्र ने संकेत दिया है कि वह उनकी मांगों के संबंध में उनके संपर्क में है।

# सीजेपी ने 24 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया, दीपके का आरोप - पुलिस क्रैकडाउन की तैयारी में

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। भले ही जेपी नड्डा ने प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है, सीजेपी ने 24 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी) 2026 में हाल ही में हुए पेपर लीक को लेकर दिल्ली में हो रहे व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घोषणा की कि ऐसे मामलों की जांच करने और इसमें शामिल लोगों को त्वरित और कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाएंगे। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने लिखा कि हमारे युवाओं के कल्याण और भविष्य से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। हमने पेपर लीक में शामिल लोगों को त्वरित और कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया है। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस संबंध में सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, यह छात्रों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा रहे हमारे कदमों की श्रृंखला को जारी रखता है। जो लोग हमारे युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। हालांकि, विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने अपनी मांग दोहराते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। सीजेपी के एक एक्स पोस्ट में लिखा था कि धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए।



## जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन जारी

पेपर लीक विवाद को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के नए समूह जमा हुए। जंतर-मंतर और उसके आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, जहां प्रदर्शनकारी धरना प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में हो रहे ये विरोध प्रदर्शन नीट-यूजी पेपर लीक विवाद को लेकर व्यापक शैक्षिक सुधारों और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

- **इंटरनेट सेवा बंद, क्रैकडाउन की योजना...** इस बीच, सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने बुधवार को आरोप लगाया कि विरोध स्थल पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थीं, और पूछा कि क्या सरकार किसी और क्रैकडाउन की योजना बना रही है। वह सोमवार, 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को रखने के लिए प्रस्तावित 'संसद चलो' मार्च निकालने वाले प्रदर्शनकारी छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई का जिक्र कर रहे थे। वहीं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने वांगचुक से अपनी भूख हड़ताल खत्म करने का आग्रह किया है।

# जीएचजी अकैडमी में दंत जांच शिविर

## विद्यार्थियों और स्टाफ ने स्वास्थ्य लाभ के साथ जानी ओरल हाइजीन की बारीकियां



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/जुलाई। जी.एच.जी. अकैडमी जगरांव में गगन डेंटल एवं कॉस्मेटिक क्लिनिक के सहयोग से एक विशेष दंत स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों और शिक्षकों के बीच मौखिक स्वास्थ्य (ओरल हेल्थ) को लेकर जागरूकता बढ़ाना था।

शिविर के दौरान क्लिनिक की विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पूरी तन्मयता के साथ विद्यार्थियों और विद्यालय के समस्त स्टाफ के दांतों का परीक्षण किया। जांच के बाद डॉक्टरों ने सभी को मुंह की साफ-सफाई रखने के आसान और वैज्ञानिक तरीके समझाए। शिविर के मुख्य आकर्षण एवं सुझाव: दांतों को सुरक्षित रखने के लिए सही तरीके से ब्रश करने के व्यावहारिक निर्देश दिए गए।

**बीमारियों से बचाव:** दांतों में कीड़ा लगने (कैविटी) और मसूड़ों की विभिन्न समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बताई गई।

**खान-पान की आदतें:** मसूड़ों और दांतों को मजबूत रखने वाले संतुलित आहार के बारे में जागरूक किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर सभी के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने गगन डेंटल एवं कॉस्मेटिक क्लिनिक की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक शिविरों का आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।

# ईवी चार्जिंग स्टेशन से चार्जिंग गन चोरी का खुलासा, 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने सेक्टर-34 क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशनों से चार्जिंग गन और कॉपर वायर चोरी करने के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए कॉपर वायर, चार्जिंग गन के कटे हुए हिस्से, वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी और लोहे का ब्लेड बरामद किया है। यह कार्रवाई महिला एसएसपी यूटी चंडीगढ़ के निर्देश, एसपी सिटी के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर और सेक्टर-34 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शादीलाल शर्मा की निगरानी में गठित टीम ने की। पुलिस टीम में एएसआई गुरप्रीत सिंह, हेड कांस्टेबल मनविंदर सिंह, सीनियर कांस्टेबल समरजीत सिंह और कांस्टेबल गुरप्रीत शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सेक्टर 25 निवासी 24 वर्षीय आकाश और 24 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार चार्ज कारो कंपनी में सर्विस इंजीनियर के रूप में कार्यरत गौरव कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी कंपनी ने शहर के विभिन्न स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन लगाए हुए हैं। 17 जुलाई को सेक्टर-34 स्थित मुकट अस्पताल के सामने पार्किंग में लगे चार्जिंग स्टेशन से चार्जिंग गन चोरी मिली। इसके बाद 18 जुलाई



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372